Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 7:8 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:30 बजे

हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 41 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 29 जुलाई 2026



ब्रह्म मुहूर्त में रिलीज होगा फिल्म...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### नैनीताल जिले में आज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी

नैनीताल । मौसम विभाग ने नैनीताल जिले में बुधवार (आज) को भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस बीच मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुये जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने अधिकारियों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिये हैं। उन्होनें कहा है कि भूस्खनल क्षेत्रों में मार्ग में मलुवा आने से यातायात बाधित होने के दृष्टिगत गिरे पेडों एवं मलुवा को त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने लोनिवि के अधिकारियों को संवेदनशील मोटर मार्गों पर जेसीबी एवं गैंग कार्मिको की चौबीसों घंटे तैनाती के निर्देश दिये। उन्होंने कहा अधिकारी मुखयालय पर हाई अलर्ट पर रहेंगे तथा मोबाइल फ ोन चौबीसों घंटे ऑन रखेगें तथा तहसील स्तर पर क्यूआर टीमें अलर्ट पर रहेंगी। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक संसाधनों और व्यवस्थाओं को पहले से तैयार रखा जाए ताकि जरूरत पडने पर तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया जा सकें। जिलाधिकारी ने आपदा या आपातकालीन स्थिति में सूचना देने के लिए जिला आपदा नियंत्रण कक्ष के फ ोन नंबरों 05942-231178/79 तथा 81 के साथ ही मोबाइल नंबर 8272080884 तथा टोल.फ्री नंबर 1077 पर संपर्क कर सकते हैं।

### प्रकृति प्रेमी गुरुरानी ने शिव मंदिर परिसर में रौपे पौधे

नैनीताल । उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष /राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान मंगलवार को 743वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 743वें दिन पौधारोपण के साथ व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत पलेटा स्थित धूसाखान शिव मंदिर परिसर में मंदिर के प्रमुख पुजारी मोहन चंद्र ओली के नेतृत्व में बृहद स्तर पर पौधारोपण किया गया।दिनेश गुरुरानी ने कहा कि जनसंपर्क अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों में दल को मजबूत करने के लिए संपर्क किया गया।

# किसान क्रांति पैदल यात्रा:कई जिलों से आ रहे किसान, बड़ी भीड़ के जुटने का दावा

भोपाल
एजेंसी

नर्मदापुरम, हरदा, रायसेन और सीहोर से बड़ी संख्या में किसान आज भोपाल पहुंचेंगे। इसके बाद किसान संगठन आंदोलन की आगे की रणनीति पर फैसला करेंगे। किसानों ने आज मुख्यमंत्री कार्यालय के घेराव का एलान किया है।



मध्य प्रदेश में समर्थन मूल्य पर मूंग की पूरी उपज खरीदने की मांग को लेकर किसानों का हल्ला बोल जारी है। संयुक्त किशान मोर्चा के नेतृत्व में किसान भोपाल के होशंगाबाद रोड स्थित सावरकर सेतु पर डेरा जमाए हुए हैं। वहीं, आंदोलन के चलते स्कूलों पर असर पड़ा है। रोड ब्लॉक वाले इलाकों में आज छुट्टी कर दी गई है।

किसान क्रांति पैदल यात्रा में ज्यादा से ज्यादा किसानों को बुलाया जा रहा है। किसानों के करीब 19 संगठन आज अपनी ताकत दिखाएंगे। मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रदेश कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एक्स पर इस मामले पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मप्र के किसान भाइयों, नर्मदापुरम के बरखेड़ा से शुरू हुई किसान क्रांति पैदल यात्रा ओबेदुल्लागंज, मंडीदीप और 11 मील होते हुए भोपाल पहुंच गई है। पांच हजार से ज्यादा किसान परिवार राजधानी की सड़क पर डटे हैं। किसान लड़ाके आज मुख्यमंत्री निवास की ओर कूच करेंगे।

किसानों की मूंग की 100 प्रतिशत खरीदी हो, एमएसपी की कानूनी गारंटी दें, खाद की पर्याप्त उपलब्धता हो, अमेरिका से ट्रेड डील रद्द की जाए, किसानों को दी मोदी-गारंटी पूरी करें प्रमुख पांच मांग हैं। सीएम हाउस तक पहुंचने के लिए किसान लगातार रणनीति बना रहे हैं। कड़ी सुरक्षा और पुलिस की घेराबंदी के बीच किसान अलग-अलग रास्तों से मुख्यमंत्री आवास तक पहुंचने की योजना तैयार कर रहे हैं। किसान नेता गजेंद्र सिंह जाट ने कहा कि अगर सरकार हमें इस तरह रोकेगी, तो किसान भी मुख्यमंत्री आवास तक पहुंचने के नए तरीके तलाशेंगे। हम आज हर हाल में सीएम हाउस पहुंचेंगे। हमारी मांगें पूरी की जाएं, अन्यथा आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

रिजीजू ने कहा- माफी के बिना सदन नहीं चलेगा

# राहुल गांधी ने बताया अंधभक्त जिस पर लोकसभा में मचा हंगामा

नई दिल्ली
एजेंसी

लोकसभा में नेता-प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अंधभक्त की परिभाषा बताते हुए सरकार और शिक्षा व्यवस्था पर निशाना साधा। उनके बयान पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आपत्ति जताई और शब्द हटाने की मांग की। जानिए संसद में राहुल गांधी के बयान पर क्यों हुआ हंगामा।



लोकसभा में नेता-प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अंधभक्त की परिभाषा बताते हुए सरकार और शिक्षा व्यवस्था पर निशाना साधा। उनके बयान पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आपत्ति जताई और शब्द हटाने की मांग की। जानिए संसद में राहुल गांधी के बयान पर क्यों हुआ हंगामा। प्रियंका गांधी ने नए संसोधनों की आलोचना की और पीएम मोदी द्वारा गठित उच्च स्तरीय टास्क फोर्स के सदस्यों का मजाक उड़ाया। इस पर सत्ता पक्ष ने भी कांग्रेस और प्रियंका गांधी पर जमकर निशाना साधा और पेपर लीक मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। उन्होंने हालिया छात्रों के प्रदर्शनों में कथित तौर पर पैलेट्स गन के इस्तेमाल पर सवाल उठाया और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से जवाब की मांग की। वहीं, सत्ता पक्ष ने उनके शब्दों पर आपत्ति जताई। संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने कहा, राहुल गांधी ने असंसदीय शब्द का इस्तेमाल किया, जिस पर सत्तापक्ष के सदस्य उत्तेजित हुए हैं।

उन्होंने आगे कहा, आपको (राहुल गांधी) पता है कि असंसदीय शब्दों को लेकर नियम हमने नहीं बनाए हैं। नियमों के मुताबिक संसदीय मर्यादा में रहते हुए आपको बात करनी है तो हम आपकी बात सुन रहे हैं। बार-बार आपने असंसदीय शब्द का इस्तेमाल किया। हमने आपके भाषण को बाधित नहीं करना चाहा। हमारा यही कहना है कि आप असंसदीय शब्द का इस्तेमाल न करें। उन्होंने राहुल गांधी से अनुरोध करते हुए कहा, आप विपक्ष के नेता हैं। आप ऐसे परिस्थिति खराब न करें। स्पीकर साहब ने भी जिक्र किया है।

# डीजे की धमक पर सख्ती, 12 फीट से ऊंची नहीं होगी कांवड़

नई दिल्ली
एजेंसी

सावन में निकलने वाली कांवड़ यात्राओं को लेकर आगरा प्रशासन ने सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। 12 फीट से ऊंची कांवड़ पर रोक, डीजे के लिए तय मानक और कांवड़ मार्ग पर मीट की दुकानें बंद रखने का फैसला लिया गया है।

कांवड़ की ऊंचाई 12 फीट से अधिक नहीं होगी और यात्रा में डीजे तय मानक के अनुसार बजाया जाएगा। सावन माह में निकलने वाली कांवड़ यात्राओं पर पुलिस कमिश्नरेट में मंगलवार को पुलिस आयुक्त दीपक कुमार, अपर पुलिस आयुक्त और जिलाधिकारी की मौजूदगी में समन्वय बैठक हुई। कांवड़ मार्ग पर खाने-पीने के सामान की दुकानों की जांच खाद्य विभाग की टीम करेंगी। पुलिस आयुक्त ने कहा कि कांवड़ मार्गों और मंदिरों के आसपास मीट की दुकानें पूरी तरह बंद रहेंगी। खाद्य एवं औषधि विभाग को होटल, ढाबों और दुकानों की जांच कर रेट सूची अनिवार्य रूप से प्रदर्शित कराने के निर्देश दिए गए। कांवड़ मार्गों की मैपिंग कर संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हाथीघाट, पोइया और बटेश्वर सहित प्रमुख घाटों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। यात्रा मार्गों पर रूट डायवर्जन, यातायात नियंत्रण, एंबुलेंस, क्रेन, मेडिकल सहायता और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध रहेंगे। सावन के दूसरे सोमवार को होने वाली परिक्रमा के लिए यातायात योजना तैयार की जाएगी।

सोशल मीडिया की 24 घंटे मॉनिटरिंग कर अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। पीडब्ल्यूडी और नगर निगम को कांवड़ मार्गों की मरम्मत व जलभराव और बिजली विभाग को ट्रांसफॉर्मर, झूलते तार और पोल दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए।



# मिशन ग्रीन व एक पेड़ मां के तहत कई पौधे किए रोपित

नैनीताल
हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के वनस्पति विज्ञान विभाग में मंगलवार को एक पेड़ मां के नाम तथा मिशन ग्रीन में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्रीय संपर्क प्रमुख डॉ. हरीश रौतेला शामिल हुए, उन्होंने पद्म,बांज, ओक, बुरांस तथा देवदार के पौधे रोपित किए ।

इस अवसर पर डॉ. रौतेला ने कहा कि प्रकृति के प्रति हमारी भूमिका हमें जीवन के प्रति सकारात्मक करती है । एक पेड़ मां के नाम हमारी संस्कृति का परिचायक है । विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने कहा कि पौधे लगाना हमारा प्रथम कर्तव्य है । इस अवसर पर डॉ. रौतेला तथा अभिषेक को शॉल ओढ़ाकर तथा पौधों के फ्लायर भेंट कर सममानित किया गया । डॉ रौतेला ने उत्तराखंड के खेती तथा खेत बचाओ आंदोलन पर भी चर्चा की । पौधारोपण में कार्यपरिषद के सदस्य अरविंद सिंह पडियार, अभिषेक, प्रो. आर. सी. जोशी, डॉ महेंद्र सिंह राणा, अभिराम पंत, डॉ भुवन चंद्र आर्य, डॉ. मोहित रौतेला,डॉ दीपक मेलकानी, डॉ एल एस लोधियाल व डॉ किरण बरगली, मोहित खाती,लीला व शीतल आदि शामिल रहे । बाद में डॉ रौतेला ने परिसर का हिमालयन मयूजियम भी देखा। इस दौरान डॉ पूरन अधिकारी, डॉ हरदयाल सिंह जलाल तथा डॉ. भुवन शर्मा शामिल रहे ।

# आज भी पहाड़ से मैदान तक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट, 111 मार्ग बंद

देहरादून
हमारे संवाददाता

देहरादून, नैनीताल, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, ऊधमसिंह नगर, चंपावत और टिहरी जिले के कुछ क्षेत्रों में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

उत्तराखंड में दूसरे दिन भी भारी बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से राज्य के अधिकांश जिलों में भारी बारिश और गरज-चमक के साथ तेज दौर की बौछारें पड़ने का पूर्वानुमान जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार देहरादून, नैनीताल, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, ऊधमसिंह नगर, चंपावत और टिहरी जिले के कुछ क्षेत्रों में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन क्षेत्रों में गरज के साथ आकाशीय बिजली चमकने की संभावना है। इसके अलावा राज्य के अन्य जिलों में भी कहीं-कहीं तेज दौर की बारिश होने के आसार हैं।



मौसम वैज्ञानिकों ने हिदायत देते हुए कहा कि खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें और नदी-नालों के किनारे जाने से परहेज करें। खासकर पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने और मौसम संबंधी अपडेट पर नजर बनाए रखने की सलाह दी गई है। आने वाले दिनों की बात करें तीन अगस्त तक प्रदेश भर में मौसम का मिजाज कुछ ऐसा ही रहेगा। पिछले 24 घंटों में उत्तराखंड के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। कई स्थानों पर भारी से अत्यधिक भारी वर्षा दर्ज की गई, जिससे नदी-नालों का जलस्तर बढ़ गया और भूस्खलन की घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। सबसे अधिक वर्षा देहरादून के मालदेवता क्षेत्र में 233.0 एमएम दर्ज की गई, जो इस अवधि की सर्वाधिक वर्षा रही। इसके अलावा हाथीबड़कला में 194.5, जौलीग्रांट में 172.2 और मसूरी में 163.0 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। पर्वतीय क्षेत्रों में भी बारिश का जोर देखने को मिला। ऊखीमठ में 120.0, डीडीहाट में 102.0 और धनोल्टी में 88.0 एमएम वर्षा दर्ज की गई। वहीं हल्द्वानी और थल में 83.0, चमोली में 80.60 और तेजम में 73.0 एमएम बारिश हुई।

# भीमताल के तड़ागी फीलिंग स्टेशन पंप का किया निरीक्षण

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उच्चाधिकारियों के निर्देश पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने पूर्ति निरीक्षक संजय बिष्ट के साथ भीमताल स्थित मैसर्स तड़ागी फ ीलिंग स्टेशन पंप का निरीक्षण पंप के प्रबंधक जोगिंदर सिंह की मौजूदगी में किया गया ।

उच्चाधिकारियों को शिकायत प्राप्त हुई थी कि पंप में ईंधन मुहैया होने के बाद भी पंप में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा आम जनता को पंप में तेल न होने की जानकारी दी जा रही है । इस संबंध में प्रबंधक जोगिंदर सिंह से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि सायं 4.30 से 5.00 बजे के बीच में अचानक ऑटोमेशन में तकनीकी खराबी आने के कारण तेल की सेल बाधित हो गई, इसी बीच पेट्रोल पंप में गाडि ़याँ तेल लेने आई जिसमें पंप के कर्मचारियों द्वारा गलती से कह दिया गया कि पंप में अभी तेल नहीं है ।



निरीक्षण के दौरान यद्यपि मौके पर ईंधन की आपूर्ति सुचारू रूप से पाई गई और स्टॉक रजिस्टर के अनुसार ईंधन पंप में मौजूद पाया गया परंतु आम जनता को पंप से निःशुल्क दी जाने वाली पेयजल की सुविधा और फ र्स्ट ऐड बाक्स पंप में उपलबध नहीं पाया गया इसके अलावा पंप में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा आम जनता को दी गई गलत जानकारी के लिए और बरती गई अनियमितता के लिए पंप संचालक को भविष्य के लिए सचेत करते हुए आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955, उत्तर प्रदेश हाई स्पीड डीजल आयल और लाइट डीजल आयल (संभरण बनाये रखना और वितरण) आदेश 1981 और पेट्रोलियम रूल्स तथा मार्केटिंग डिसिप्लिन गाइडलाइन्स 2024 का उल्लंघन किए जाने पर 10 हजार रुपएं0 का अर्थदण्ड आरोपित किया गया है।

# नैनीताल की माल रोड 1 अगस्त से नो हॉर्निंग जोन घोषित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड हाईकोर्ट के आदेशों के अनुपालन में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि नैनीताल की मॉल रोड को 1 अगस्त से पूर्ण रूप से नो हॉर्निंग जोन के रूप में प्रभावी किया जाएगा। उन्होंने बकायदा इसके सफ ल क्रियान्वयन के लिए विभिन्न विभागों को आवश्यक दायित्व सौंप दिए गए हैं।

मामले में उपजिलाधिकारी नवाजिश खलीक ने बताया कि मॉल रोड क्षेत्र में नो हॉर्निंग जोन के संबंध में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत आवश्यक फ्लैक्स, साइन बोर्ड, होर्डिंग एवं अन्य प्रचार सामग्री तैयार कर अनुमोदन के उपरांत प्रमुख स्थानों पर शीघ्र स्थापित की जाएगी उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया, स्थानीय टीवी चैनलों व केबल नेटवर्क व एलईडी स्क्रीन तथा अन्य प्रचार माध्यमों के जरिए भी व्यापक प्रचार.प्रसार सुनिश्चित किया जाएगा ताकि स्थानीय नागरिकों एवं पर्यटकों को इस व्यवस्था की जानकारी मिल सके। मामले में उप जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया है कि निर्धारित मानकों के अनुसार मॉल रोड के दोनों ओर उपयुक्त स्थानों पर नो हॉर्निंग जोन के संकेतक स्थापित किए जाएँ वहीं नगर पालिका परिषद को नगर के प्रवेश द्वारों, सूचना पट्टों तथा टोल टैक्स रसीदों तथा अन्य उपयुक्त स्थानों पर इस संबंध में सूचना प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं वहीं पुलिस एवं परिवहन विभाग संयुक्त रूप से नो हॉर्निंग जोन का प्रभावी प्रवर्तन सुनिश्चित करेंगे। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार चालान एवं अन्य विधिक कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त आवश्यकतानुसार सीसीटीवी कैमरे, एलईडी डिस्प्ले एवं अन्य निगरानी व्यवस्थाएँ स्थापित कर प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन द्वारा होटल एसोसिएशन, व्यापार मंडल व टैक्सी यूनियन, नाविक संघ एवं अन्य संबंधित हितधारकों के साथ समन्वय स्थापित कर जन.जागरूकता बढ़ाने तथा नियमों के प्रभावी अनुपालन में सहयोग प्राप्त किया जाएगा जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों एवं पर्यटकों से अपील की है कि नैनीताल की शांत एवं स्वच्छ वातावरण की पहचान बनाए रखने के लिए नो हॉर्निंग जोन के नियमों का पालन करें तथा अनावश्यक हॉर्न बजाने से बचें।



# सुयालबाडी, छड़ा व खैरना में जनसंवाद, समस्याओं के स्थायी समाधान पर हुई चर्चा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

भाजपा के वरिष्ठ नेता हेम चंद्र आर्य के नेतृत्व में मंगलवार को नैनीताल जिले के सुयालबाड़ी, छड़ा और खैरना क्षेत्रों में एक विशेष जनसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्रवासियों और युवाओं से सीधा संवाद कर उनके विचारों को जाना गया।

बैठक में उपस्थित जनता ने क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी सजगता दिखाई और बुनियादी समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। स्थानीय लोगों के विचार और विकास को लेकर उनकी दूरगामी सोच बेहद प्रेरणादायी रही। जनसंपर्क कार्यक्रम में विशेष रूप से युवाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही।

युवाओं ने क्षेत्र की तरक्की के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहने का संकल्प दोहराया। उनके दूरगामी विचार और ऊर्जा क्षेत्र के सुनहरे भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस अवसर पर जनभावनाओं के अनुरूप क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने की बात कही गई।

# पालिका के सभी वार्डों के निर्माण कार्यों की हुई समीक्षा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर पालिका सभागार में मंगलवार को पालिका के निर्माण समिति की बैठक समिति की अध्यक्ष शीतल कटियार को अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी वार्डों को पूर्व में दिए गए पांच -पांच लाख रुपए के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई तथा जिस जिस वार्डों में भविष्य में निर्माण कार्य कराए जाने हैं उन पर विस्तार से चर्चा की गई।

पमिति की अध्यक्ष शीतल कटियार ने बताया कि बैठक में सभी वार्डों के प्रस्तावों को रिपीट किया गया तथा हर वार्ड में जो 5-5 लाख रूपएं के कार्य होने थे उसकी समीक्षा की गई साथ ही पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल की ओर से कुछ समय पूर्व हर वार्ड में निर्माण कार्यों के लिए 15-15 लाख रूपए देने की घोषणा की गई है जिससे सभी वार्डों में आवश्यकता अनुसार निर्माण कार्य कराए जाएंगे।

बैठक में समिति के सदस्यों क्रमश- गीता उप्रेती, सपना बिष्ट, मनोज साह जगाती, पूरन सिंह बिष्ट, ललिता दफ ़ैटी समेत जेई विपिन पुरोहित तथा सूरज, कर निरीक्षक वेद प्रकाश सैनी तथा कर निरीक्षक भरत प्रकाश आदि मौजूद रहे।



## NEWS / फटाफट

### चीनी मिल प्रबंधन की ओर से दायर विशेष अपील को खारिज किया हाईकोर्ट ने

**नैनीताल** । हाईकोर्ट ने डोईवाला चीनी मिल में कार्यरत ऑयलमैन कर्मचारी को नियमित करने को लेकर एकलपीठ के आदेश को चुनौती देती चीनी मिल प्रबंधन की ओर से दायर विशेष अपील पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने एकलपीठ के आदेश को सही ठहराते हुए चीनी मिल प्रबंधन की ओर से दायर बिशेष अपील को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि एकलपीठ का आदेश अवैधानिक नहीं है इसलिए बिशेष अपील खारिज करने योग्य है।

### हाईकोर्ट से राज्य मानवाधिकार आयोग के सचिव को अवमानना नोटिस जारी

**नैनीताल** । हाईकोर्ट ने प्राथमिक शिक्षक व उसके परिवार का पिछले 6 साल से आर्थिक, मानसिक व समाजिक तौर पर उत्पीडन् करने के मामले में कोर्ट का आदेश होने के बाद भी राज्य मानवाधिकार आयोग के द्वारा उसका अनुपालन नहीं करने के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ती पंकज पुरोहित की एकल पीठ ने राज्य मानवाधिकार आयोग के सचिव को कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं करने का दोषी पाते हुए उन्हें अवमानना का नोटिस जारी कर चार सप्ताह मे जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई कोर्ट ने आगामी 18 सितंबर की तिथि नियत की है।

### मोहन को रोड पर बढ़ते विवादों के बाद पुलिस सतर्क

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल के मोहन को रोड और चीना बाबा चौराहे पर लगातार हो रहे विवादों और हालिया मारपीट की घटना के बाद पुलिस ने क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी है। कई विवादों के बाद स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में गश्त की मांग की थी। जिसके बाद अब क्षेत्र में नियमित गश्त और निगरानी बढ़ा दी गई है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र रावत ने बताया कि क्षेत्र में मारपीट के मामलों को देखते हुए मोहनको रोड और चीना बाबा चौराहे क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। बताया कि क्षेत्र में हुड़दंग काटने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# मां नंदा महोत्सव की कामयाबी को लेकर हुई चर्चा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

श्री सेवक सभा के पदाधिकारियों व सदस्यों की मंगलवार को सभा के अध्यक्ष मनोज साह की अध्यक्षता व महासचिव जगदीश चंद्र बवाडी के संचालकत्व में श्री नन्दा देवी महोत्सव के आयोजन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई । इससे पूर्व बैठक में सभा के सक्रिय कार्यकर्ता आनंद सिंह बिष्ट के नैनीताल नगर पालिका में सरकार द्वारा मनोनीत सदस्य बनाए जाने पर सभा परिवार ने आनंद बिष्ट को शॉल ओढाकर तथा राम दरबार भेंट कर सममानित किया । बैठक में 16 सिंतबर से शुरु होने जा रहे श्री नन्दा देवी महोत्सव के आयोजन हेतु सभी सदस्यों का सहयोग मांगा गया तथा सुझाव भी आमंत्रित किए गए । बैठक में कई सकारात्मक सुझाव भी आये। बैठक में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक का बयौरा भी प्रस्तुत किया तथा जिलाधिकारी का धन्यवाद किया गया । तय किया गया कि सभा परिवार आगामी 12 अगस्त (बुधवार) को सावन माह के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा । बैठक में श्री रामलीला महोत्सव तथा विजयादशमी पर भी चर्चा हुई । बैठक में घनश्याम लाल साह, अशोक साह, राजेंद्र बिष्ट ,बिमल चौधरी, बिमल साह, मुकेश जोशी, ललित साह, मनोज साह हरीश राणा, मोहित लाल साह, हीरा सिंह, आशु बोरा, मिथिलेश पांडे , गिरीश भट्ट , हिमांशु जोशी, कमलेश ढौंडियाल, अमर साह , प्रदीप सिंह , अतुल साह, गोविंद सिंह, दीपक साह, गोधन सिंह, विक्रम साह तथा प्रो. ललित तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# रुद्रपुर बीडीसी बैठक शुरू होने से पहले हंगामा, जिला पूर्ति अधिकारी बैठक छोड़ भागे

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

बुधवार को ब्लाक सभागार में वित्तीय वर्ष की पहली बीडीसी बैठक हंगामे की भेंट चढ़ गई। ग्राम प्रधानों ने जिला पूर्ति अधिकारी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। ग्राम प्रधानों ने बैठक का कार्य वहिष्कार कर धरने पर बैठ गए।

प्रधानों का आरोप है कि खाद्य आपूर्ति पूर्ति विभाग पर बिना पैसे लिए काम नहीं कर रहा है। एक राशन कार्ड बनाने की एवज में दो हजार रुपये लिए जा रहे हैं। डीएसओ विनोद चंद्र तिवारी ने प्रधानों को समझाने का प्रयास किया। विरोध तेज होने पर डीएसओ को बैठक छोड़कर जाना पड़ गया। प्रधानों का कहना है कि डीएसओ आकर सार्वजनिक माफी मांगे।बाद में ग्राम प्रधानों ने कार्य वहिष्कार कर धरने पर बैठ गए। प्रधानों ने नारेबाजी करते हुए कहा कि अधिकारी प्रधानों की कोई बात नहीं सुनते हैं। धरने पर प्रधान संघ के अध्यक्ष समेत अन्य प्रधान मौजूद डटे रहे।



**बैठक**

- प्रधान संघ ने बैठक का कार्य वहिष्कार कर धरने पर बैठे, जिला स्तरीय अधिकारी पहुंचे बैठकों में

# अभिमत



## भ्रष्टाचार की स्वीकार्यता

*आर्थिक रूप से कमजोर और कम पढ़ा-लिखा व्यक्ति किसी तरह अपना काम कराने के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाता रहता है। अंत में लेनदेन के माध्यम से काम कराकर संतोष कर लेता है। राज्य के सभी विभागों में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। दो-चार माह में एक व्यक्ति को रंगेहाथ पकड़े जाने से भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लग सकता है। मंत्री और जनप्रतिनिधि बयानबाजी करके जिम्मेदारी से बचते रहते हैं। नौकरशाही के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पाते हैं। तकनीकी युग में सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर जांच के आदेश देकर मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है। आर्थिक रूप से संपन्न वर्ग भ्रष्टाचार को स्वीकार करके तालमेल बैठा चुका है।*

उत्तराखंड के लोगों ने केन्द्र में भाजपा की सरकार के बाद राज्य में भी भाजपा को सत्ता सौंपी। विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने लोगों से अपील की थी कि केन्द्र और राज्य में एक ही पार्टी की सरकार होने से योजनाओं के लिए बजट स्वीकृत कराने में आसानी होगी। केन्द्र और राज्य में एक ही पार्टी की सरकार को डबल इंजन की सरकार कहा गया। इसके बाद निकाय चुनाव में कई नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत में भाजपा को विजय मिली तथा ट्रिपल इंजन की सरकार बन गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार मुक्त शासन का वायदा किया। उसी तर्ज पर राज्य सरकार जीरो टालरेंस के तहत सभी विभागों में बिना रिश्वत के कार्य का दावा करती है। सच यह है कि भ्रष्टाचार का बोलबाला है। प्रशासनिक अधिकारी शिकायत मिलने पर सक्रियता दिखाते हुए निरीक्षण करते हैं, परन्तु सारी कवायद 'ढाक के तीन पात' साबित होती है। सरकारी विभाग में छापा मारा और शिकायत सही पाई गई। आरोपी का तबादला करके कर्तव्य की इतिश्री कर ली गई। उत्तराखंड में विपक्ष आरोप लगाता है कि राज्य सरकार पूरी तरह विफल है। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है, तो सरकार बेबुनियाद आरोप कहकर विपक्ष को झूठा ठहरा देती है, लेकिन सत्तारूढ़ पार्टी के जनप्रतिनिधि ने उच्चाधिकारियों के साथ बैठक में खुलेआम आरोप लगाया कि बिना रिश्वत के अधिकारी कार्य नहीं कर रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद पार्टी हाईकमान ने उस नेता को मुंह बंद रखने की हिदायत दे दी। यह सिर्फ एक नेता का मामला नहीं है, बल्कि सत्तारूढ़ दल के ज्यादातर नेता मौन रूप से भ्रष्टाचार को स्वीकार कर रहे हैं। रिश्वत लेते हुए कई अधिकारी व कर्मचारी रंगेहाथ पकड़े जा चुके हैं। रिश्वत लेते हुए पकड़वाने की हिम्मत हर व्यक्ति नहीं कर पाता है। आर्थिक रूप से कमजोर और कम पढ़ा-लिखा व्यक्ति किसी तरह अपना काम कराने के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाता रहता है। अंत में लेनदेन के माध्यम से काम कराकर संतोष कर लेता है। राज्य के सभी विभागों में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। दो-चार माह में एक व्यक्ति को रंगेहाथ पकड़े जाने से भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लग सकता है। मंत्री और जनप्रतिनिधि बयानबाजी करके जिम्मेदारी से बचते रहते हैं। नौकरशाही के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पाते हैं। तकनीकी युग में सोशल मीडिया के माध्यम से वीडियो वायरल होने पर जांच के आदेश देकर मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है। आर्थिक रूप से संपन्न वर्ग भ्रष्टाचार को स्वीकार करके तालमेल बैठा चुका है। मध्यम वर्ग भ्रष्टाचार से त्रस्त है।

# करांटे प्रशिक्षण कैंप एवं बैल्ट ग्रेडिंग ग्रेडिंग एग्जामिनेशन सम्पन्न

## खिलाड़ियों ने विभिन्न बेल्टों के लिए परीक्षा उत्तीर्ण की

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

श्री दुर्गा मंदिर धर्मशाला, रुद्रपुर में ऋषि मार्शल आर्ट्स अकैडमी एंड इंस्टिट्यूट ऑफ मार्शल आर्ट, रूद्रपुर द्वारा आयोजित दो दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर एवं बेल्ट ग्रेडिंग एग्जामिनेशन का समापन हो गया।

जिसमें रूद्रपुर शहर के विभिन्न विद्यालयों के 30 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर येलो, ग्रीन, ऑरेंज बेल्ट की परीक्षा उत्तीर्ण की। इस कराटे ग्रेडिंग परीक्षा में मुख्य रूप से किहोन, काता व कुमीते की परीक्षा के साथ-साथ मौखिक परीक्षा ली गई। दो दिन तक चले कठोर प्रशिक्षण के बाद सभी खिलाड़ियों ने अनुशासन, तकनीक और समर्पण के साथ बेल्ट परीक्षा उत्तीर्ण की ग्रेडिंग परीक्षा का संचालन एकेडमी के मुख्य प्रशिक्षक एवं फोर्थ डॉन ब्लैक बेल्ट ऋषि पाल भारती के मार्गदर्शन में किया गया। इस परिक्षा में 21 खिलाड़ियों ने येलो, ग्रीन, ऑरेंज? बेल्ट की परीक्षा उत्तीर्ण की। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर मुख्य प्रशिक्षक



ऋषि पाल भारती व अभिभावकों द्वारा सयुंक्त रूप से सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर ऋषि पाल भारती ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी प्रशिक्षण शिविर में सीखी तकनीकों के प्रशिक्षण से आगामी राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। ओर उन्होंने आगे कहा कि आज के दौर में आत्मरक्षा का ज्ञान हर बच्चे के लिए आवश्यक है। कराटे केवल एक खेल नहीं है, यह जीवन जीने की कला है। यह शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ मानसिक मजबूती, अनुशासन और आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। काता के अभ्यास से बच्चों की एकाग्रता, संतुलन और स्मरण शक्ति का विकास होता है। हमारा लक्ष्य है कि रुद्रपुर के अधिक से अधिक बच्चे मार्शल आर्ट से जुड़कर राज्य और देश स्तर पर पदक जीतें प्रशिक्षण शिविर में सह प्रशिक्षकों में रूनू शर्मा, क्षितिज सिंह, गुलशन कुमार, वंश बिष्ट शामिल रहे।

इस अवसर पर शेखर सक्सेना, डॉ सुदीपा शर्मा शालिनी हुरिया, खुशबू जोशी, मिंकु ठाकुर, शिवम, कोमल आर्या, पंकज कुमार, वीरेंद्र कुमार, संदीप कुमार, अंकित भटनागर, निरुपम गुप्ता, सुनील कुमार, सपना ककर आदि मौजूद रहे।

## 31 जुलाई से 1 से 2 अगस्त को जिला स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन

रुद्रपुर। ऊधम सिंह नगर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से 31 जुलाई से 1 अगस्त से 2 अगस्त को जिला स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में चयनित होने वाले बैडमिंटन खिलाड़ी राज्य स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट में भाग ले सकेंगे। यह टूर्नामेंट अंडर 11, अंडर 13, अंडर 15, अंडर 17, अंडर 19 व ओपन वर्ग में आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए एंट्री 29 जुलाई 2026 तक मोबाइल के माध्यम से कर सकते हैं। मोबाइल नंबर 8650024119 अथवा आयोजन स्थल हंस स्पोर्ट्स एकेडमी कल्याणी व्यू पर आ कर दे सकते हैं ।

यह जानकारी देते हुए जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव विष्णु सक्सेना ने बताया कि इस टूर्नामेंट में वही प्रतिभागी भाग ले पाएंगे जिनके पास बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया का आईडी कार्ड होगा या जिनका जन्म प्रमाण पत्र जन्म के एक वर्ष के अंदर का बना होगा।

## कांवड़ यात्रा मार्ग पर मांस बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित,महापौर जारी किए के निर्देश

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

श्रावण मास में कांवड़ यात्रा की पवित्रता और श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए नगर निगम रुद्रपुर ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर मांस की बिक्री और मांसाहारी भोजन परोसने वाले प्रतिष्ठानों के संचालन पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी कर दिया है। नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त की ओर से जारी आदेश के अनुसार यह प्रतिबंध श्रावण मास की समाप्ति तक प्रभावी रहेगा।

पिछले दिनों विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने महापौर विकास शर्मा से मुलाकात कर श्रावण मास के दौरान कांवड़ यात्रा मार्ग पर मांस की दुकानों एवं मांसाहारी भोजनालयों को बंद रखने की मांग की थी। प्रतिनिधिमंडल ने कहा था कि बड़ी संख्या में शिवभक्त कांवड़िए इन मार्गों से गुजरते हैं, इसलिए यात्रा मार्ग की धार्मिक गरिमा बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए इस मांग पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए महापौर विकास शर्मा ने नगर निगम अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे। महापौर के निर्देशों के अनुपालन में मंगलवार को सहायक नगर आयुक्त रणदीप की ओर से औपचारिक आदेश जारी कर दिया गया। जारी आदेश के अनुसार नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले काशीपुर-किच्छा राष्ट्रीय राजमार्ग तथा काशीपुर बाईपास मार्ग सहित कांवड़ यात्रा मार्गों पर किसी भी प्रकार के कच्चे या पके हुए मांस की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। इसके साथ ही ऐसे सभी रेस्टोरेंट एवं भोजनालय, जहां पके हुए मांस का विक्रय किया जाता है, उन्हें भी श्रावण मास की अवधि तक बंद रखना होगा। यदि प्रतिबंध के बावजूद किसी प्रतिष्ठान में कच्चे अथवा पके मांस का विक्रय किया जाता है तो संबंधित प्रतिष्ठान स्वामी के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा जुर्माना भी लगाया जाएगा।नगर निगम का उद्देश्य किसी के व्यापार को प्रभावित करना नहीं, बल्कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर धार्मिक वातावरण और श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान बनाए रखना है। सभी नागरिकों और व्यापारियों से अपेक्षा है कि वे प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे को बनाए रखने में सहयोग करें।

## विश्व हेपेटाइटिस दिवस जिला अस्पताल में मरीजों को किया जागरूक

नैनीताल । विश्व हेपेटाइटिस दिवस के मौके पर मंगलवार को राजकीय बी.डी. पांडे जिला चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.महिमन सिंह दुग्ताल ने मरीजों और उनके तीमारदारों को हेपेटाइटिस के कारण, लक्षण तथा बचाव और समय पर उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. दुग्ताल ने बताया कि हेपेटाइटिस लीवर में होने वाली सूजन है जो मुखय रूप से वायरस के संक्रमण के कारण होती है। इसके प्रमुख प्रकार हेपेटाइटिस ए, बी, सी, डी और ई हैं। उन्होंने बताया कि हेपेटाइटिस ए और ई दूषित भोजन और पानी से फैलते हैं जबकि हेपेटाइटिस बी तथा सी और डी संक्रमित रक्त तथा असुरक्षित सुई और संक्रमित शारीरिक द्रवों के संपर्क से फैल सकते हैं। लंबे समय तक संक्रमण बने रहने पर लिवर को गंभीर नुकसान हो सकता है। उन्होंने बताया कि आंखों और त्वचा का पीला पड़ना, अत्यधिक थकान व भूख न लगना, मितली, उल्टी तथा पेट के ऊपरी हिस्से में दर्द और गहरे रंग का पेशाब हेपेटाइटिस के प्रमुख लक्षण हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए।

# फिल्मी दुनिया

## ब्रह्म मुहूर्त में रिलीज होगा फिल्म रामायण का ट्रेलर





*फिल्म रामायण के ट्रेलर को लेकर बड़ी अपडेट सामने आई है। कल इसका ट्रेलर रिलीज होगा। इसके अलावा इसका ट्रेलर कल रिलीज होने वाली हॉलीवुड फिल्म के साथ जोड़ा जाएगा। आपको बता दें कि नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही फिल्म %रामायण% में रणबीर कपूर राम के रोल में, साई पल्लवी सीता के रोल में, यश रावण के रोल में, सनी देओल हनुमान के रोल में और रवि दुबे लक्ष्मण के रोल में नजर आएंगे। इसका म्यूजिक हंस जिमर और ए.आर. रहमान ने तैयार किया है।*

*अपकमिंग फिल्म रामायण को लेकर दर्शकों में उत्साह देखा जा रहा है। फिल्म के मेकर्स ने इसके ट्रेलर को लेकर बड़ी अपडेट दी है। खबर है कि रामायण का ट्रेलर 30 जुलाई को भारतीय समय के अनुसार सुबह 4 बजकर 15 मिनट पर रिलीज किया जाएगा। माना जा रहा है कि मेकर्स ब्रह्म मुहूर्त पर रिलीज करने वाले हैं। खबर यह भी है कि कल रिलीज हो रही हॉलीवुड फिल्म स्पाइडरमैन- ब्रांड न्यू डे के साथ रामायण का ट्रेलर अटैच रहेगा। इससे पहले ट्रेलर 24 जुलाई को रिलीज होने वाला था। हालांकि, बाद में मेकर्स ने इसे टाल दिया। रामायण के निर्माता नमित मल्होत्रा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के ट्रेलर के रिलीज होने की जानकारी दी है। उन्होंने लिखा शुभ ब्रह्म मुहूर्त में, हम 30 जुलाई 2026, गुरुवार को सुबह 4:15 बजे (आईएसटी) दुनिया भर में अपने ट्रेलर के साथ रामायण के आगमन का स्वागत करते हैं।*

### इन भाषाओं में रिलीज होगा

*मल्होत्रा ने बयान में कहा, आज हमारी रामायण के लिए बहुत खास पल है। सोनी पिक्चर्स एंटरटेनमेंट के साथ हमारी पार्टनरशिप से रामायण को दुनिया तक ले जाने का मेरा सपना अब सच हो रहा है। इसे देखते हुए, हम अपना ट्रेलर बाद में ग्लोबल लेवल पर लॉन्च करेंगे।*

*मेकर्स के मुताबिक इस ट्रेलर को एक साथ हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम सहित की भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।*

## मलेरिया नियंत्रण एवं स्लाइड निर्माण को स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से एक विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में क्षेत्र की समस्त आशा कार्यकर्ताओं को मलेरिया जांच और स्लाइड बनाने की बारीकियों से अवगत कराया गया।

कार्यशाला के दौरान केपी श्रीवास्तव एलटी ने आशा कार्यकर्ताओं को मलेरिया स्लाइड तैयार करने का व्यावहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। जिला मलेरिया अधिकारी गुरनाम सिंह ने मलेरिया की जांच, स्लाइड के महत्व और सही तरीके से रक्त के नमूने लेने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी केके अग्रवाल ने कड़े निर्देश जारी करते हुए कहा कि क्षेत्र में आने वाले प्रत्येक बुखार के मरीज की मलेरिया स्लाइड अनिवार्य रूप से बनाई जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि तैयार की गई सभी स्लाइडों को समय पर संबंधित अस्पताल में जमा कराया जाए। ताकि समय पर सही इलाज शुरू हो सके और बीमारी को फैलने से रोका जा सके। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदीप समेत अन्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



News कॉर्नर

## चार्टन लॉज हादसे के बाद लोगों में फूटा गुस्सा

**नैनीताल ।** राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल के पीछे चार्टन लॉज क्षेत्र में सोमवार की शाम को हुए सड़क हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने अस्पताल मार्ग पर टैक्सी वाहनों के संचालन पर रोक लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि यह सड़क संकरी है और यहां मरीजों व पैदल यात्रियों की लगातार आवाजाही रहती है, जिससे हादसों का खतरा बना रहता है। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र रावत ने बताया कि सड़क किनारे पार्क टैक्सी वाहनों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है।

## देवर के साथ घर पहुंची युवती पर मारपीट का आरोप

**नैनीताल ।** नगर के तल्लीताल कोतवाली क्षेत्र के डोलमार गांव की एक महिला ने हल्द्वानी निवासी युवती पर घर में घुसकर मारपीट करने और ईंट से हमला कर घायल करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने तल्लीताल कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के मुताबिक डोलमार गांव निवासी हेमा जीना ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 11.50 बजे हल्द्वानी निवासी एक युवती उसके देवर के साथ घर पहुंची। आरोप है कि युवती ने घर में ही रहने की बात कही। इस पर परिजनों ने बिना विवाह साथ रहने पर आपत्ति जताई तो दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। महिला का आरोप है कि विवाद के दौरान युवती ने जमीन से ईंट उठाकर उसके सिर पर वार कर दियाए जिससे वह घायल हो गई। घटना के बाद आरोपी युवती मौके से फरार हो गई। परिजनों ने घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया जहां उसका चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। मामले मेंकोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर प्राप्त हुई है। शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है।

# पीएमश्री राबाइं कॉलेज दौलिया में उमंग पत्रिका का भव्य विमोचन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज दौलिया में उमंग पत्रिका का विमोचन करने के लिए पधारे मुख्य शिक्षा अधिकारी रणजीत सिंह नेगी व अतिथियों का स्वागत विद्यालय की छात्राओं द्वारा बैंड बजाकर व छात्राओं द्वारा तिलक लगाकर किया गया। मुख्य शिक्षा अधिकारी नैनीताल रणजीत सिंह नेगी, प्रधानाचार्या डॉ. भारती नारायण भट्ट,सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह खाती,ग्राम प्रधान राधा कैलाश भट्ट, अभिभावक संघ की अध्यक्ष जानकी देवी की उपस्थिति में विद्यालय की उमंग पत्रिका का विमोचन किया गया। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ



किया गया। छात्राओं द्वारा वंदना प्रस्तुत की गई। अतिथियों का स्वागत विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत के माध्यम से किया गया। छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कुमाऊनी व गढ़वाली नृत्य प्रस्तुत किया गया। किरन कांडपाल कक्षा 12 के द्वारा क्लासिकल एकल नृत्य प्रस्तुत किया गया। तमन्ना के द्वारा प्रेरणादायक कविता प्रस्तुति गई। परिषदीय परीक्षा में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाली कक्षा 12 की छात्रा दिया सनवाल व हाई स्कूल की चित्रांशी मिश्रा को मुख्य शिक्षा अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। समर कैंप की प्रतियोगिता में विजयी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। मुख्य शिक्षा अधिकारी के संबोधन में छात्रों के लिए कड़ी मेहनत व आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया और समस्त स्टाफ को बधाई व शुभकामनायें दी गई। विद्यालय के प्रागण में मुख्य शिक्षा अधिकारी व प्रधानाचार्या द्वारा छायादार व फलदार वृक्ष इको क्लब के माध्यम से लगाए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता बीना मेहरा द्वारा किया गया। कल्पना जोशी, अभिलाषा कीर्ति, देव श्री मनराल, रीता लसपाल, हंसा पाण्डेय, प्रियंका चमयाल, रंजना रौतेला,मोनिका किलकोटी, कंचन पाण्डेय,कमला जोशी, नीता बिष्ट, जया आर्या, प्रशासनिक अधिकारी प्रदीप कुमार पाठक, हैमा फुलारा,जीवन चंद्र चुपडाल, हेमा पंत उपस्थित रहे।

# अपने 'मिशन' में पुलिस फेल

**हल्द्वानी**

सलीम खान

पुलिस महकमे में विभिन्न सेलों का गठन करने के बाद भी अपराध नियंत्रण पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ ही विभिन्न अव्यवस्थाओं पर नकेल कसने के मकसद से इनका गठन किया गया था लेकिन धरातल पर काम नहीं होने की वजह से पुलिस के लगभग सभी ऑपरेशन फेल साबित हुए हैं।

ऑपरेशन मर्यादा, ऑपरेशन सत्यापन, भिक्षा नहीं शिक्षा दो, यातायात जागरूकता सप्ताह सरीखे कई ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं, जिसमें पुलिस को आंशिक सफलता तक नहीं मिल पाई है। जो उसकी नाकामी को ही उजागर करता है।

*पुलिस अपने मिशन पर बखूबी काम कर रही है। लापता लोगों सहित अज्ञात शवों की शिनाख्त का कार्य चल रहा है। भिक्षा वृत्ति कर रहे बच्चों को कई एनजीओ से जोड़ा गया है जहां एनजीओ द्वारा उनकी पढ़ाई कराई जा रही है।*

*-निवेदिता कुकरेती कुमाऊँ आई जी*



**महज नाम की 'मर्यादा':** ऑपरेशन मर्यादा पर्यटक सीजन के दौरान चलाई गई। इसका मकसद पर्यटक सीजन में होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों में बढ़ते शराब पर अंकुश लगाने के साथ ही अराजकता पर अंकुश लगाना था। लेकिन पुलिस का यह ऑपरेशन भी फेल साबित हुआ। तिकोनिया, केमू स्टेशन, मंगलपड़ाव चौकी के पीछे आदि कई स्थानों पर होटल, रेस्टोरेंट वाले चोरी छिपे शराब बेचने के साथ ही पिलाने का भी काम कर रहे हैं, जो पुलिस की सबसे बड़ी असफलता है।

**भिक्षावृत्ति कर रहे बच्चों को नहीं मिली 'मुक्ति':** पुलिस ने एक भीख मांग रहे बच्चों का जीवन स्तर सुधारने व उन्हें शिक्षित बनाने का भी बीड़ा उठाया है। ऑपरेशन मुक्ति के तहत भिक्षावृति कर रहे बच्चों को शिक्षित करना है। लेकिन यह अभियान भी कागजों में ही सिमट कर रहा है। भिक्षावृत्ति में लगे एक भी बच्चे को पुलिस का यह 'ऑपरेशन' कामयाब नहीं बना पाया।

**'हौंसले' ने बढ़ाया मान:** जनत की मदद के लिए शुरू किए गए मिशन हौंसला को काफी कारगर कहा जा सकता है। इस मिशन के तहत पुलिस जनता तक पहुंचर और उन्हें हर जरूरी संभव मदद भी मुहैया कराई। आपदा और दुर्घटना के समय भी पुलिस का मानवीय चेहरा सामने आया है।

### अज्ञात शवों कर शिनाख्ती भी चुनौती

लापता लोगों की बरामदगी और अज्ञात शवों की शिनाख्त के लिए ऑपरेशन स्माइल शुरू किया गया है। इस ऑपरेशन के जरिए पुलिस ने कई लोगों को बरामद भी किया है लेकिन कुछ लोग अभी भी लापता हैं। उनकी बांट जोहते परिजनों की आंखें भी पथरा गई है। वहीं सैकड़ों अज्ञात शवों की शिनाख्त आज तक नहीं हो पाई है।

# बाजार गए परिवार के घर में घुसी महिला, चांदी के आभूषण व पूजा के सिक्के चोरी

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

शहर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। आए दिन हो रही वारदातों से लोगों में दहशत का माहौल है। ताजा मामला मुखानी थाना क्षेत्र में जहां दिनदहाड़े एक घर में घुसकर चोर महिला ने चांदी के आभूषण, पूजा के सिक्के और अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया।

घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दी गई तहरीर में आनन्दपुरी फेस-3 निवासी 67 वर्षीय सतीश कुमार ने बताया कि 26 जुलाई को वह अपने परिवार और भाई राजेन्द्र कुमार के साथ शादी की खरीदारी के लिए दोपहर करीब दो से तीन बजे के बीच घर में ताला लगाकर बाजार गए थे। लौटने पर सब कुछ सामान्य दिखाई दिया, लेकिन अगले दिन कमरे की सफाई के दौरान सामान बिखरा मिलने पर उन्हें शक हुआ।

अलमारी की जांच करने पर उसमें रखा पर्स गायब मिला, जिसमें उनकी पत्नी की चांदी की पायल, लक्ष्मी-गणेश अंकित बड़ा चांदी का सिक्का, विक्टोरिया के दो चांदी के सिक्के, अन्य पूजा के सिक्के तथा आधार कार्ड रखा था। इसके अलावा उनकी दिवंगत माता द्वारा वर्षों पहले दिया गया एक हरे रंग का डिब्बा भी अलमारी से गायब मिला, जिसमें आभूषण होने की बात बताई गई थी।

पीड़ित ने बताया कि घर के सीसीटीवी फुटेज देखने पर एक महिला घर में प्रवेश करती और कुछ देर बाद हाथ में थैला लेकर बाहर निकलती दिखाई दे रही है। इसके आधार पर उन्होंने पुलिस से आरोपी महिला की पहचान कर चोरी गए सामान की बरामदगी और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामले की तहरीर के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के जरिए संदिग्ध महिला की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

चोर रात में चोरी करके पुलिस की रात्रि गश्त की पोल खोल रहे थे। वहीं अब चोर दिनदहाड़े भी सक्रिय हो गए हैं। जिससे ऐसा लगता है कि नगर में चोरों की बाढ़ सी आ गई है।

# नूपुर नृत्य कला केंद्र मे श्रद्धा एवं भक्ति के साथ हुआ सुंदरकांड कथा का आयोजन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

नूपुर नृत्य कला केंद्र, ब्लॉक हल्द्वानी शाखा में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के बीच सुंदरकांड कथा एवं सामूहिक सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, अभिभावकों एवं कला केंद्र से जुड़े विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम, माता सीता एवं श्रीहनुमान जी के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात भजन-कीर्तन, सुंदरकांड पाठ तथा संगीतमय प्रस्तुति के माध्यम से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। हारमोनियम, तबला एवं अन्य वाद्य यंत्रों की मधुर धुनों के साथ श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी की महिमा का गुणगान किया। आयोजकों ने बताया कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उद्देश्य नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, संस्कारों एवं आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ना है। सुंदरकांड पाठ से समाज में सकारात्मक ऊर्जा, आत्मविश्वास तथा सेवा और भक्ति की भावना का संचार होता है।

कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने राष्ट्र एवं समाज की सुख-समृद्धि, शांति और मंगल की कामना करते हुए आरती की तथा प्रसाद ग्रहण किया। उपस्थित सभी भक्तों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे अत्यंत प्रेरणादायक और सफल बताया।



## डीएफओ दो हफ्ते में करें जवाब पेशः हाईकोर्ट

**नैनीताल ।** हाईकोर्ट में देहरादून के विकास नगर के ईस्ट होप टाऊन क्षेत्र की उमेदपुर में सरकारी भूमि के नाले पर बिल्डर्स के द्वारा अतिक्रमण कर उसे खुर्दबुर्द करने और उसे लोगों को बेचे जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई।

मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट की खंडपीठ ने जिलाधिकारी देहरादून सहित प्रभारी वनाधिकारी से दो सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद की तिथि नियत की है।

# रुद्रपुर में कैलाश मानसरोवर यात्रा के सातवें दल का भव्य स्वागत

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

देवाधिदेव महादेव के पावन धाम कैलाश मानसरोवर यात्रा पर प्रस्थान करने वाले श्रद्धालुओं के सातवें दल का मंगलवार को रुद्रपुर पहुंचने पर लोगों ने रामपुर रोड एक होटल में भव्य एवं श्रद्धाभावपूर्ण स्वागत किया गया। महापौर विकास शर्मा के नेतृत्व में श्री अमरनाथ जी सेवा मण्डल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पुष्प वर्षा, फूल-मालाओं तथा 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष के बीच सभी शिवभक्त यात्रियों का अभिनंदन किया।

पूरा वातावरण शिवमय हो उठा और श्रद्धा, आस्था तथा उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।स्वागत समारोह में महापौर विकास शर्मा ने सभी तीर्थयात्रियों को पुष्पमालाएं पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुरक्षित यात्रा और सफल दर्शन की कामना करते हुए भगवान शिव से प्रार्थना की। इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने कहा कि कैलाश मानसरोवर यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि आत्मिक जागरण,तप, त्याग,धैर्य और अटूट श्रद्धा का अद्वितीय संगम है।

करोड़ों शिवभक्तों का सपना होता है कि उन्हें जीवन में एक बार भगवान शिव के पवित्र धाम कैलाश पर्वत और मानसरोवर के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो। यह यात्रा व्यक्ति को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करती है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, आत्मविश्वास तथा ईश्वर के प्रति अटूट आस्था का संचार करती है।उन्होंने कहा कि कैलाश पर्वत भगवान भोलेनाथ का दिव्य निवास माना जाता है यह यात्रा सनातन संस्कृति की आस्था का प्रतीक है। इतनी कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और चुनौतीपूर्ण मार्ग के बावजूद श्रद्धालुओं का अटूट विश्वास ही उन्हें इस दिव्य यात्रा के लिए प्रेरित करता है। यह श्रद्धा ही सनातन संस्कृति की सबसे बड़ी शक्ति है। रुद्रपुर की पावन धरती पर कैलाश मानसरोवर के श्रद्धालुओं के स्वागत एवं अभिनंदन का अवसर प्राप्त हुआ। नगर की ओर से सभी शिवभक्तों का अभिनंदन करना हमारे लिए गर्व और सौभाग्य का विषय है।यहां कैलाशी कमलेश पटेल,कैलाशी अजय हिंदुस्तानी, कैलाशी हंसराज गोयल, कैलाशी दिनेश गुप्ता, कैलाशी मनीष कुमार तथा कैलाशी संजय गुप्ता समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र में स्थायी उपचार कार्य रुका, सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने जमीन स्वामी से की वार्ता

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर के मल्लीताल के चार्टन लॉज क्षेत्र में हुए भूस्खलन के स्थायी उपचार का कार्य आपत्ति के चलते रोका गया है।

बता दें कुछ दिन पूर्व ही ट्रीटमेंट कार्य के लिए कार्यस्थल पर मशीनें पहुंच गई थी जिसके बाद कार्य शुरू कर दिया गया था लेकिन एक व्यक्ति को ओर से आपत्ति जताने के चलते वर्तमान में कार्य रुक हुआ है। इस संबंध में मंगलवार को सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने जमीन के स्वामी से बातचीत की। स्वामी ने कुछ दिन पूर्व विभाग से शिकायत कर कहा था



कि यह उनकी जमीन है और यहां पर कराए जा रहे कार्य की जानकारी उन्हें नहीं दी गई। बातचीत के दौरान जमीन के स्वामी ने विभाग के सामने अपनी मांग रखने हुए कहा कि या तो इस भूमि इस तरह से कार्य कराया जाए कि जमीन इस्तेमाल योग्य रह सके या उन्हें किसी अन्य जगह पर जमीन मुहैया कराई जाए और या फि र उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए। सिंचाई विभाग के ईई डीके सिंह ने बताया कि इस संबंध में यूएलएमएमसी से बातचीत की जाएगी कि यदि संभव हो तो इस कार्य के लिए बनाई गई डीपीआर में परिवर्तन कर इस तरह से डिजाइन बनाया जाए कि जमीन प्रयोग योग्य रह सके अन्यथा डीएम से बातचीत कर उनके संज्ञान में बात लाई जाएगी और उनके द्वारा शासन स्तर पर बातचीत के बाद ही इसका समाधान किया जा सकेगा। वर्तमान में कार्य रुका हुआ है।इस दौरान सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता ललित मोहन कश्यप समेत पालिका सभासद राकेश पवार आदि मौजूद रहे।